## सार-समाचार

### नानी बाई को मायरो कथा का समापन

**झुंझुनूं, (निसं)।** श्री राणी सती रोड स्थित तुलस्यान बंसल भवन में चल रही तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो कथा का शुक्रवार को श्रद्धाभाव के साथ समापन हुआ। हरिशरण महाराज ने व्यासपीठ से कथा सुनाते हुए कहा कि नरसी मेहता और श्रीकृष्ण के बीच हुए रोचक संवाद को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि घर में कितनी भी बहु हो, कोई अपने पीहर से कितना भी लाए, मगर ससुराल के लोगों को कभी भी धन के लिए किसी को प्रताड़ित नहीं करना चाहिए। क्योंकि हर किसी की आर्थिक स्थिति एक सी नहीं होती है। हरिशरण महाराज ने कहा कि यदि किसी बहन के भाई नहीं हो या परिवार गरीब हो तो उसका सहयोग करना चाहिए। नानी बाई को मायरो कार्यक्रम के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण ने छप्पन करोड़ का मायरा भरा। नरसी भक्त ने भी कड़ी तपस्या कर भगवान को याद किया। उनको आना पड़ा और श्रीकृष्ण ने छप्पन करोड़ का मायरा भी भरा। भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त नरसी मेहता ने जब अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। तब उन्हें भगवान का साक्षात्कार हुआ। कथा के मध्य महाराजश्री के भजनों पर श्रोता भक्त झूम उठे। कथा समापन पर आरती के पश्चात सभी को प्रसाद भोग वितरित किया गया। इस अवसर पर सुभाष जालान, राजकुमार तुलस्यान, आशीष तुलस्यान, निर्मल मोदी, बंटी पंसारी, रुपेश तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, नितिन रुंगटा, पवन सोनी, अरुण जालान, परमेश्वर हलवाई, पोकर सैनी, शिव प्रकाश शर्मा, बंटी मोदी सहित अन्य भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नियमित महाविद्यालय आने का आव्हान

**रतनगढ़, (निसं)।** राजकीय जालान महाविद्यालय में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम के दूसरे दिन वाणिज्य संकाय के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अनिल कुमार सक्सेना ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ धनराज पांडिया ने छात्रों को महाविद्यालय की गतिविधियां से परिचित करवाते हुए छात्रों को सभी गतिविधियों में भाग लेने व नियमित महाविद्यालय आने हेतु निर्देशित किया। सुनील पुनिया व परमेश्वर महर्षि ने विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुशील त्यागी ने राष्ट्रीय सेवा योजना, सौम्या वशिष्ठ ने महिला प्रकोष्ठ, मनीषा ने माय भारत पोर्टल व डॉ श्याम सुंदर पारीक ने एस एस ओ पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। वाणिज्य संकाय अधिष्ठाता डॉ कैलाश चंद्र जोशी ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्ररित किया। प्राचार्य डॉ सक्सेना ने छात्राओं को विशेष रूप से अवांछित गतिविधियों से दूर रहने व नियमित अध्ययन कर अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया। अंत में वाणिज्य संकाय के शैलेश कुमार ने आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समूह बनाकर पौधरोपण किया व सार-संभाल की जिम्मेदारी ली।

### बाबा श्याम के भजनों में झूमे श्रद्धालु

**सरदारशहर, (निसं)।** सुबेदार टंकी स्थित श्री श्याम खेजड़ी में भजन संध्या का आयोजन किया गया। देर रात्रि तक चली भजन संध्या में श्रद्धालु भक्ति के रस में डूबे रहे। इससे पहले मंदिर के पुजारी मोहनलाल स्वामी द्वारा विधि विधान से ज्योत प्रज्जवलित कर व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य सजाया गया और श्रीश्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर बाबा का भव्य दरबार सजाया। कार्यक्रम में बजरंग भंसाली एण्ड पार्टी, गायिक पुजा जांगिड़ व तुलसी राम पांडे द्वारा बाबा श्याम के एक से बढ़ एक भजनों की प्रस्तुती देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को नाचने व थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बाबा श्याम को छपन्न भोग का प्रसाद लगाया। पुजारी मोहनलाल स्वामी ने प्रसाद वितरित कर आये हुए भक्तों का आभार प्रकट किया।

### प्रगतिशील किसानों की बैठक

**पाटन, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत डाबला में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को किसानों के साथ मिलकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी श्रवण कुमार यादव एवं प्रगतिशील कृषक भूप सिंह यादव मेहता नगर ने किसानों को संतुलित मात्रा में खाद बीज के प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी। इन्होंने किसानो को खेतों में अधिक मात्रा में खाद डालने के नुकसान के बारे में जानकारी दी एवं डीएपी की जगह एसएसपी व यूरिया मिलाकर देने की सलाह दी गई। इस दौरान आसपास क्षेत्र के दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया

**पाटन, (निसं)।** राजस्व मंत्रालय कर्मचारी जिला नीमकाथाना के द्वारा जिला कलेक्टर नीमकाथाना को तहसीलदार के पदों पर मंत्रालयिक संवर्ग का कोटा यथावत रखने बाबत मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में राकेश कुलदीप, पिन्टू कुमार सैन, रामावतार यादव, विनोद सैनी, प्रदीप सैनी, अनिल महावर, दलीप शेखावत, नन्द किशोर शर्मा, संजय शर्मा, सुनिता यादव, सीताराम गुर्जर, रामपाल, मुकेश बुनकर, राकेश यादव, कृष्णगोपाल शर्मा, रामभजन मीणा, राकेश शर्मा, महेश यादव, जगदीश गुर्जर, अंकुश शर्मा, गुड्डु वर्मा आदि कार्मिक उपस्थित रहे।

### शिविर में 255 लोग हुए लाभान्वित

**झुंझुनूं, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनूं एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ। शिविर में 255 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, रामगोपाल हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, शिवप्रसाद महर्षि, प्रदीप शुक्ला, मुबारक अली पहाड़ियान, अशोक शर्मा, मोहम्मद जासीम, रामगोपाल शर्मा, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, ट्रेलर सहित 58 टन बजरी जब्त

**खेतड़ी, (निसं)।** मेहाड़ा पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देर शाम को एक ट्रेलर को जब्त कर 58 टन बजरी बरामद की है। इस दौरान पुलिस को देखकर ट्रेलर ड्राइवर सड़क पर ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

थानाधिकारी सरदारमल चौधरी ने बताया कि मेहाड़ा के खनन क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि खनन क्षेत्र से अवैध खनन कर डंपर व ट्रेलर भरकर लाए जा रहे हैं। एसपी प्रवीण कुमार नायक के

■ **पुलिस को देखकर ट्रेलर ड्राइवर सड़क पर ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया**

निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया तथा मामले में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस ने मेहाड़ा से खेतड़ी जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर खनन क्षेत्र से आ रहे वाहनों की जांच की गई।



**मेहाड़ा पुलिस ने एक ट्रेलर को जब्त कर 58 टन बजरी बरामद की है।**

इस दौरान बसई की ओर से आ रहे डंपरों को रूकवाकर तलाशी ली गई। इस दौरान एक ट्रेलर में अवैध रूप से लाई जा रही बजरी के दौरान ड्राइवर पुलिस को देखकर सड़क पर ही गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रेलर की तलाशी ली तो उसमें अवैध रूप से भरकर लाई गई बजरी मिली। जिस पर पुलिस ने अवैध खनन कर बजरी ले जाने के मामले में ट्रेलर को जब्त कर लिया। इस दौरान पुलिस ने उसमें भरी 58 टन बजरी भी बरामद की है।

## विधायक गोदारा ने सुनी आमजन की समस्याएं

**रतनगढ़, (निसं)।** विधायक पूसाराम गोदारा ने अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए तथा अनेक समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। विभिन्न ग्रामों एवं शहर से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से विधायक गोदारा को अवगत करवाया। विधायक ने एक-एक कर सभी लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं का जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष भानीराम मेघवाल, पूर्व शहर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चाकलान, पार्षद मुख्तयार खान, फकीर चंद दानोदिया, सुरेंद्र हुड्डा, मण्डल अध्यक्ष दलीप बिस्सु, भंवर लाल जसेल, विधाधर मेघवाल, उमेद सिंह राठौड़, नेमीचंद खटीक, जगदीश खटीक, मेहला, विजय गोदारा, भंवर लाल धेतरवाल, माणक चंद धेतरवाल आदि मौजूद रहे।

# गाजेबाजे के साथ नानी बाई का मायरा भरा

**बीदासर, (निसं)।** गणेश जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में पुराने गणेश मंदिर में चल रहे धार्मिक आयोजन के तीसरे दिन शुक्रवार को नानी बाई रो मायरो की कथा में कथावाचक मोनिका पारीक ने नरसी मेहता के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नरसी भक्त के जीवन में अनेक संकट आने के बाद भी भगवान का नाम जपना नहीं छोड़ा।

नरसी की भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा थी। जिस पर भगवान को राधा रुकमणी के साथ उनका काज संवारने आना ही पड़ा। पारीक कहा कि भक्ति का मूल मंत्र यही है, कि परमात्मा के प्रति हमारा पूर्ण विश्वास हो, उनसे हमारा भक्ति का संबंध हो, तभी हमें प्रभु प्राप्ति संभव है।

नरसी भक्त ने सांसारिक सुखों का त्याग कर ईश्वर भजन किया, इसी कारण भगवान ने उपस्थित होकर नानी बाई का भात भरकर नरसी भक्त का


**गणेश जन्मोत्सव समिति द्वारा नानी बाई रो मायरो की कथा जारी।**

मान बढ़ाया। कथा में भगवान कृष्ण राधा रुकमणी एवं नानी बाई के मिलन की संजीव झांकी देख कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये। इस अवसर पर गाजेबाजे व मनमोहक झांकियों के साथ जुलूस के साथ नानी बाई का मायरा भरने मुख्य यजमान परमेश्वर लाल कंदोई सपरिवार कथा स्थल पर पहुंचकर नानी बाई का मायरा भरा। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान परमेश्वर लाल कंदौई, समिति के अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा, समाजसेवी जगदीश स्वामी, मोहन लाल राठी, विनोद प्रकाश सारस्वत, जयकिशन शर्मा, श्रवण कठोड़, रामसिंह दर्जी, पूसराज गौड़, मनोज पंसारी, प्रेमरतन सोनी, प्रभुदयाल शर्मा, तुलसीराम पुजारी सहित अनेक श्रृंद्धालुओं ने की।

# निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान शुरू

**पाटन, (निसं)।** जिला पशुपालन विभाग द्वारा निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश की सुरक्षा एवं पुनर्वास हेतु एक "निराश्रित गौवंश संरक्षण" अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत सड़क व अन्य सार्वजनिक खुल्ले स्थानों पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंश को राज्य सरकार के सहयोग से संचालित अनुदानित गौशाला, नंदीशाला एवं अन्य पशु आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जायेगा।

साथ ही जिले की 20 निष्क्रिय गौशालाओं को क्रियाशील बनाने हेतु भी प्रयास किया जायेगा, साथ ही नई गौशाला, नन्दीशाला एवं पशु आश्रय स्थल की स्थापना हेतु भी इच्छुक संस्थाओं को प्रेरित किया जायेगा। भामाशाह, समाजसेवी व गौभक्तों को प्रेरित कर गायों को गोद लेने का पुनीत

■ **निराश्रित गौवंश को अनुदानित गौशाला, नंदीशाला एवं अन्य पशु आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जायेगा**

कार्य भी प्रारंभ किया जायेगा।

जिला उपनिदेशक डॉ. रणजीत मेहरानिया ने लिखित आदेश निकालकर संबंधित संस्था प्रभारी, गोशाला पदाधिकारी, गौ सेवकों को भी इसकी पालना हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं, साथ ही नगर परिषद, जिला परिषद, नगरपालिका, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत सहित अन्य स्थानीय निकायों को भी गौसेवा के इस पुनीत कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु लिखित आग्रह किया गया है। पशुपालन विभाग के जिला कार्यालय में आयोजित की गई एक विशेष बैठक में घुघाड़ी धाम के महंत अजय बिहारी दास, तोरावाटी प्रांतीय गोशाला एवं गौरक्षा दल के उपध्यक्ष पंकज कुमार भारद्वाज, गोपाल गोशाला के प्रतिनिधि विमल कुमार भारद्वाज, आर एस एस के तहसील अध्यक्ष भवानी शंकर चेतानी, श्री जी सेवा समिति के अध्यक्ष कमल कांत गुप्ता, उपाध्यक्ष विष्णु सोनी, भारतीय गोरक्षा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि बन्ना, जिलाध्यक्ष निशांत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विशाल पहलवान, महिला एवं गोरक्षा दल के जिलाध्यक्ष कमलेश मावंडा, कामधेनु सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक माहवा सहित कई गौ भक्त उपस्थित रहे। गत रात्रि में शाहपुरा रोड़ पर रोडवेज बस की टक्कर से दो गौवंश की मृत्यु होने के बाद गौरक्षा दल के सदस्य व गौभक्तों ने रोड जाम कर आवारा गौवंश की सुरक्षा के लिए संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्यवाही करने हेतु मांग की थी, इस पर पशुपालन विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ रणजीत मेहरानिया ने पशुपालन विभाग के स्तर पर इस समस्या के निस्तारण हेतु उक्त अभियान की शुरुवात कर इसके क्रियान्वयन हेतु सभी से सहयोग चाहा गया है।

डॉ मेहरानिया द्वारा पूर्व में आवश्यकता के अनुसार पशु पक्षी मित्र अभियान, पर्यावरण मित्र अभियान, रोग जागरूकता अभियान, टीकाकरण अभियान एवं वृक्षारोपण अभियान के नाम से भी पशुपालन विभाग की उक्त गतिविधियों का बेहतर रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### पुण्यतिथी पर गौ-सेवा की



**झुंझुनूं, (निसं)।** समाजसेवी मरहूम डॉ. सलाऊदीन चोपदार की चौथी बरसी पर उनके सुपुत्र एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने कब्रिस्तान पहुंचकर उनकी कब्र पर खिराजे अदीकत पेश किया तथा जिला मुख्यालय स्थित श्री गोपाल गौशाला पहुंचकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सवामणी की और गायों को गुड़, चारा एवं लड्डू खिलाए। इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रमोद खंडेलिया ने एमडी चोपदार को स्मृति चिह्न देकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय स्थित बीडीके अस्पताल पहुंचकर अस्पताल के पीएमओ डॉ. संदीप पचार के साथ रोगियों को फल वितरित किए एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के सदस्य सरफराज अली खान, मनवर दीवान, रेहान दीवान, इमरान मंडेलिया, इश्तियाक कुरैशी, अनीश कुरैशी, बबलू चोपदार, रफीक चोपदार, मुकेश कुमार, अजहर हुसैन, उस्मान चोपदार, जिला मदरसा कमेटी के अध्यक्ष इमरान बड़गुर्जर, युनूस रंगरेज, शरीफ खान, याकूब काजी, अजीज मारिगसर, संजय योगी, इरफान खान, इमरान फारूकी, आकाश कुमावत, मुकेश हालू, राहुल कुमार, कुलदीप सिंह भाटी व सैयद आबिद सहित काफी गणमान्यजन उपस्थित थे।

### शिक्षकों का सम्मान किया

**सीकर, (निसं)।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन के साथ नमन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार दिये। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका सहित चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह ने सर्वश्रेष्ठ शिक्षक की उपाधि देते हुए शिक्षक दामोदर शर्मा व उनके पिताजी को शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित करते हुए साफा, माला, साल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य निर्माण में अपना पूरा योगदान देता है। विद्यार्थियों का सुनहरा भविष्य ही देश को उन्नित के पथ पर ले जाता है। निदेशक ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थी के सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक शिक्षक ही हो सकते हैं। अतः विद्यार्थियों को शिक्षकों के प्रति समर्पण एवं सम्मान का भाव रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्यों सहित समस्त स्टाफ एवं बच्चें उपस्थित रहे।

### प्रखर राजस्थान अभियान 9 से

**सीकर, (निसं)।** विद्यार्थियों में पठन कौशल विकसित करने के लिए जिले में 9 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक प्रखर राजस्थान अभियान चलाया जाएगा। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सीकर राकेश कुमार लाटा ने बताया कि जिले की कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों में पठन कौशल अच्छे से विकसित करने के लिए 9 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक प्रखर राजस्थान अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रखर राजस्थान-रीड टू लीड अभियान को सफल बनाने के लिए सभी ब्लॉक, पीईईओ यूसीईईओ, एवं विद्यालय स्तर पर प्रभावी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए प्राचार्य डाइट सीकर को स्थानीय भाषा में विकसित संदर्भ सामग्री विद्यालयों में उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया।

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ



**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित रविंद्र पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। संस्था सचिव महावीरप्रसाद झाझड़िया, अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्रसिंह झाझड़िया, निदेशक नरेंद्रसिंह झाझड़िया, चेयरपर्सन नीतू झाझड़िया, संतोष झाझड़िया, प्रताप सिंह झाझड़िया ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। संस्था निदेशक नरेंद्रसिंह झाझड़िया ने विद्यार्थियों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा लेने का आ ान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों को टीम बिल्डिंग फन, बैलून फाइटिंग, बैलून ब्लास्ट, सीगिंग, डांस व टेस्टिंग ड्रिंक चैलेंज सहित अन्य गेम खिलाए तथा शिक्षकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। बुराइयों पर विजय कैसे हासिल होती है, इसके लिए संस्था द्वारा सायंकाल 6:15 बजे 'संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ, विद्यार्थी एवं अभिभावकगण मौजूद थे

# 21 शिक्षक समाज शिरोमणि शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**बगड़, (निसं)।** माली सैनी समाज संस्था समाजिक न्याय की पाठशाला के विकास के साथ साथ जनजागृति एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। अतिथियों ने इसी के साथ जिला मुख्यालय पर छात्रावास निर्माण का कार्य भी संस्था को अपने हाथ में लेने पर जोर दिया। छात्रावास निर्माण के साथ समाज के बच्चों के लिए प्रतियोगी

■ **माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित**

परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का शुभारंभ भी करने की भी चर्चा हुई। समाज के भामाशाहों ने कहा कि इन सभी कार्यों के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

इन सभी बातों का जिक्र महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक भवन अशोकनगर में शिक्षक दिवस के अवसर पर माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में समाज शिरोमणि शिक्षक सम्मान समारोह के अन्तर्गत अतिथियों ने अपने उद्बोधन में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं



**माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में समाज शिरोमणि शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित।**

के संरक्षक महावीर प्रसाद सैनी सूरजगढ़ ने की। संस्था के संरक्षक मुरारी सैनी, पवन मावंडिया, डॉ. कमलचंद सैनी, राधेश्याम सैनी नवलगढ़, भामाशाह एवं संस्था के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी पकौड़ी ढाणी, संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदनलाल सैनी गोठड़ा, प्रधानाचार्या अनिता सैनी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे। महामंत्री रतनलाल सैनी, उपाध्यक्ष लीलाधर बिश्नोलिया, कोषाध्यक्ष महेश सैनी, सह कोषाध्यक्ष दीनदयाल सैनी, मीडिया प्रभारी नरेश सैनी, पंसस दिनेश कायस्थपुरा, उपाध्यक्ष छोटेलाल नांगलिया, संगठन मंत्री बाघसिंह तोमर, प्रचार मंत्री घीसाराम सैनी, केशरदेव सैनी नवलगढ़, संगठन मंत्री अशोक सैनी ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। संरक्षक राधेश्याम सैनी ने अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के 21 शिक्षकों को समाज शिरोमणि शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने माला, साफा, प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं बैज लगाकर शिक्षकों का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम की सफलता में महामंत्री रतनलाल सैनी, मीडिया प्रभारी नरेश सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, सह कोषाध्यक्ष दीनदयाल सैनी, संगठन मंत्री महेन्द्र सिंगोदिया, ब्लॉक संगठन मंत्री घीसाराम सैनी, प्रदीप सैनी अशोकनगर, निलेश सैनी, सुरेश सैनी मुन्ना का विशेष योगदान रहा।

## जल बचाव और जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया

**पाटन, (निसं)।** शुक्रवार को जल विज्ञान एवं जल प्रबंधन संस्था बीकानेर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के द्वारा एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास अधिकारी व पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में प्रधान व ब्लॉक विकास अधिकारी द्वारा योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों के लिए उपस्थित ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत करवाया कि आप व हम सभी की जिम्मेदारी और सहयोग की भावना से अटल भूजल योजना को सफल बनाते हुए हम अपने ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों के जलस्तर को स्थिर या बढ़ा सकते हैं। साथ ही उपस्थित सहायक कृषि अधिकारी बनवारी लाल सामोता और बजाज फाउंडेशन से प्रशांत कुमार ने जल बचाव और जल संरक्षण के बारे में उपस्थित कर्मचारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्रेरित किया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंच संचालक के रूप में जिला आई ई सी विशेषज्ञ मुकेश बाल्मिकी ने अपनी भूमिका निभाते हुए अटल भूजल योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में भूजल विभाग सीकर से तकनीकी सहायक रामेश्वर, कनिष्ठ लिपिक, महावीर प्रसाद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों व कृषि प्रवेक्षकों ने भाग लिया।

# जन जागृति अभियान के तहत नि:शुल्क हेलमेट बांटे



**एसपी शरद चौधरी, वरिष्ठ दंत विशेषज्ञ डॉ. संजय कटेवा, डॉ. उमेश केडिया ने बिना हेलमेट गुजरने वाले मोटर साइकिल व स्कूटर चालकों को हेलमेट वितरित किए।**

**झुंझुनूं, (निसं)।** शहर की एक नंबर रोड प्रभात टॉकिज के पास शुक्रवार को जन जागृति अभियान के तहत निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

झुंझुनूं नागरिक मंच के संयोजक उमाशंकर महमिया व प्रकाश सरोलिया ने बताया झुंझुनूं नागरिक मंच के तत्वावधान में डब्लू शर्मा के सौजन्य से स्वर्गीय सत्यनारायण शर्मा के स्मृति में 51 हेलमेट का वितरण किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि एसपी शरद चौधरी, वरिष्ठ दंत विशेषज्ञ डॉ. संजय कटेवा, डॉ. उमेश केडिया ने वहां से बिना हेलमेट गुजरने वाले मोटर साइकिल व स्कूटर चालकों को समझाइश करते हुए निशुल्क हेलमेट वितरित किए। एसपी शरद चौधरी ने कहा कि किसी कारणवश कोई दुर्घटना हो जाती है। तो पूरे परिवार को असहनीय पीड़ा को झेलना पड़ता है। ट्रेफिक नियमों का पालन करना चाहिए। ताकि फाइन से बचा जा सके। हेलमेट को बोझ न समझें, यह आपकी सुरक्षा के लिए है। इस तरह समझाइश करते हुए लोगों को जागरूक बनने का संदेश देकर अतिथियों ने सभी को गुलाब का फूल एवं एक हेलमेट दिया। इस अवसर पर अक्षय शर्मा, आशीष शर्मा, भाजपा नेता महेश जीनगर, भाजपा नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, अख्तर अली गहलोत, उमर कुरैशी, नागरिक मंच उपाध्यक्ष रामगोपाल महमिया, अनिल जांगिड़, सुरेंद्र शर्मा, ट्रेफिक पुलिस इंचार्ज हरफूल मीणा, ट्रेफिक व्यवस्था की कांस्टेबल किरण सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।